कोटद्वार,गुरूवार
3 अक्टूबर 2024
वर्षः 46
अंकः 155 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### 15 दिन के लिए टली सरकारी डॉक्टरों की प्रस्तावित हड़ताल

देहरादून। प्रदेश के सरकारी डॉक्टरों की शुक्रवार से प्रस्तावित हड़ताल टल गई है। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार की ओर से मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई के आश्वासन के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल 15 दिन के लिए टालने का फैसला लिया है। प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज वर्मा ने बताया कि बुधवार को संघ के शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। विदित है कि सरकारी डॉक्टरों ने अपनी विभिन्न मांगों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताते हुए चार अक्तूबर से हड़ताल का ऐलान किया था। मंगलवार को सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने डॉक्टरों की आठ में से नौ मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जिस पर बुधवार को डॉक्टरों ने बैठक कर हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है। मनोज वर्मा ने बताया कि डॉक्टर फिलहाल काली फीती बांधीकर सांकेतिक आंदोलन जारी रखेंगे और 18 अक्तूबर को फिर बैठक होगी जिसमें मांगों पर हुई कार्रवाई के आधार पर हड़ताल को लेकर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कुछ मांगों पर कार्रवाई के लिए कुछ वक्त मांगा था। ऐसे में फिलहाल 15 दिन का समय देने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान संघ के महासचिव डॉ रमेश कुंवर भी मौजूद रहे।

### लोकपाल पुष्पा कांडपाल ने विधिवत संभाला कार्यभार

हल्द्वानी। नैनीताल जिले में पांच महीने बाद मनरेगा के तहत लोकपाल की तैनाती हो गई है। अब तक सीडब्ल्यूसी की सदस्य की जिम्मेदारी निंभा रहीं पुष्पा कांडपाल को नया लोकपाल नामित किया है। सोमवार को एक अक्तूबर से उन्होंने आधिकारिक तौर पर विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। दरअसल, अप्रैल में तत्कालीन लोकपाल नीमा परिहार का कार्यकाल पूरा होने के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। जिसके बाद शासन से तैनाती को लेकर विज्ञप्ति जारी हुई थी। अब पांच महीने बाद पुष्पा कांडपाल को लोकपाल की जिम्मेदारी दी गई है। जिससे मनरेगा के तहत काम की समीक्षाओं, भ्रष्टाचार की शिकायत, गुणवत्ता में कमी समेत मनरेगा मजदूरों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर लोकपाल के माध्यम से शासन को पैरवी की जाएगी। मानदेय संबंधित शिकायतों का भी निस्तारण हो पाएगा। लोकपाल पुष्पा ने मनरेगा से संबंधित समस्याओं को लेकर उनके मोबाइल नंबर 7830040509 पर शिकायत करने की अपील की है।

### पॉलीटेक्निक हॉस्टल के बाहर दिखा गुलदार

चम्पावत। पॉलीटेक्निक हॉस्टल के बाहर गुलदार दिखने से छात्रों में दहशत है। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने की मांग की है। छात्रावास के वार्डन मयंक बिष्ट ने बताया कि वह पुरुष छात्रावास के बाहर छात्रों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान उन्हें गुलदार दिखाई दिया। शोर मचाने पर गुलदार छमनियां की ओर भाग गया। छमनियां मंदिर के पास भी अजय ने गुलदार को विचरण करते देखा। वह हड़बड़ी में गिरकर चोटिल भी हो गए। दो दिन पूर्व ग्राम पंचायत सुंई पऊमें गुलदार ने पखवाड़े भर में कई मवेशियों को अपना निवाला बना लिया। पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र प्रकाश ने एसडीएम और वन क्षेत्राधिकारी को पत्र भेजकर गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। इधर, रेंजर दीप जोशी ने कहा कि विभाग की टीम इलाके में गश्त कर रही है।

### श्रद्धालुओं ने पितृ अमावस्या पर गंगा घाटों में तर्पण किया

ऋषिकेश। पितृ अमावस्या पर बुधवार को ऋषिकेश के गंगा घाटों में गंगा स्नान और दान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने स्नान, तपर्ण और पिंडदान किया।

यह सिलसिला बुधवार को सुबह से शाम तक चलता रहा। तीर्थनगरी के तमाम गंगा घाटों में पितृपक्ष की अमावस्या पर भारी भीड़ उमड़ी। गंगा में स्नान के लिए श्रद्धालु बुधवार तड़के तीन बजे से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। त्रिवेणी घाट, साईं घाट, नाव घाट, दयानंद घाट, रामझूला घाट, सीता घाट, दयानंद घाट, पूर्णानंद घाट आदि जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। यहां दिल्ली, एनसीआर, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, सहारनपुर आदि के साथ ही हरियाणा, राजस्थान आदि जगहों के श्रद्धालु पहुंचे। इसके अलावा स्थानीय लोगों ने भी गंगा स्नान किया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजन और विधि विधान के साथ अपने पितरों का तर्पण किया।

## दिल्ली में अलर्टः हमले के बाद इस्राइली दूतावास में बढ़ाई गई सुरक्षा

● चप्पे-चप्पे पर है पुलिसकर्मियों की नजर



नई दिल्ली। मध्य पूर्व में ईरान द्वारा इजराइल पर हमले के बाद बढ़े तनाव के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने इजराइली दूतावास की सुरक्षा बढ़ा दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाहनों की सख्त जांच कर रहे हैं, जबकि दूतावास के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

यहां दिल्ली पुलिस के कमांडो समेत सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा सीआरपीएफ और सीआईएसएफ के जवान भी तैनात हैं। सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने के लिए आसपास कई सीसीटीवी भी कैमरे लगाए गए हैं। इस क्षेत्र में पहले भी दो बार विस्फोट हो चुके हैं, लेकिन गनीमत से कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली पुलिस ने अब्दुल कलाम रोड पर बेरीकेडिंग कर दी है और प्रवेश–निकास रास्तों पर सुरक्षा जांच बढ़ा दी है। दूतावास के आसपास 200 मीटर के दायरे में वाहनों को रुकने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा दूतावास में बिना अनुमति और जांच के प्रवेश पर रोक है, साथ ही मीडिया को भी दूतावास की ओर जाने और वीडियोग्राफी करने की अनुमति नहीं है। दिल्ली पुलिस ने दूतावास के आसपास भारी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया है ताकि किसी भी तरह के प्रदर्शन को रोका जा सके।

## गुजरात में 27 सदस्यों वाले परिवार ने रचा इतिहास

अहमदाबाद। गुजरात में एक परिवार ने इतिहास रचते हुए चार दशकों में करीब 630 लीटर रक्तदान किया है। परिवार के एक सदस्य डॉ. मौलिन पटेल ने बताया कि उनमें से चार लोग 'शतकवीर' हैं, क्योंकि उन्होंने 100 से अधिक बार रक्तदान किया है। जबकि 44 वर्षीय डॉ. मौलिन पटेल गुजरात में सबसे कम उम्र के शतकवीर रक्तदाता हैं।

**पटेल परिवार में चार लोगों में 100 बार किया रक्तदान**

डॉ. मौलिन पटेल के अनुसार, पटेल परिवार की तीन पीढ़ियों में 16 लोगों ने 50 से अधिक बार रक्तदान किया है। उनके पिता अशोक पटेल (72) और मां शकुंतला (71) ने 98 बार रक्तदान किया है। डॉ. मौलिन ने कहा, वे एक हफ्ते पहले ही अमेरिका गए थे और वहां पर रक्तदान किया। क्योंकि भारत में आप 65 वर्ष की आयु के बाद रक्तदान नहीं कर सकते, जबकि अमेरिका में कोई आयु सीमा नहीं है। उन्होंने रक्तदान का अपना शतक पूरा करने के बाद ही भारत लौटने का फैसला किया है।

## उत्तराखंड से मानसून विदा, सामान्य से 10 प्रतिशत अधिक रही वर्षा, अब मौसम शुष्क रहने के आसार

देहरादून। उत्तराखंड से मानसून बुधवार को विदा हो गया है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना हुआ है, लेकिन मानसून रेखा अब औपचारिक रूप से उत्तराखंड से लौट गई। इस बार मानसून सीजन में सामान्य वर्षा हुई, हालांकि कुछ जिलों में मेघ अत्यधिक बरसे। पिछले तीन वर्षों से उत्तराखंड में मानसून की विदाई अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में ही हो रही है। अब अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं।

**अक्टूबर की शुरुआत के साथ ही मानसून विदा**

सितंबर में सामान्य से डेढ़ गुना बारिश के बाद अक्टूबर की शुरुआत के साथ ही मानसून विदा हो गया है। बीते कुछ दिनों से प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ था, लेकिन कहीं–कहीं आंशिक बादल भी मंडरा रहे थे। इस बार 27 जून को उत्तराखंड में मानसून ने दस्तक दी थी। जिसके बाद बारिश का सिलसिला तेज



हो गया। हालांकि, जून में पूरे महीने सामान्य से 49 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई, लेकिन मानसून के पहुंचने के बाद जुलाई में मेघ सामान्य से 20 प्रतिशत अधिक बरसे।

इसके बाद अगस्त में सामान्य से महज 09 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। वहीं, सितंबर में प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में जोरदार बारिश का सिलसिला बना रहा। पूरे माह में सामान्य से 55 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई।

पूरे सीजन में ही प्रदेश के बागेश्वर जिले में सर्वाधिक और पौड़ी में सबसे कम वर्षा रिकार्ड की गई। इसके साथ ही मानसून सीजन में अब तक सामान्य वर्षा 1163 मिमी के सापेक्ष 1273 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जो कि सामान्य से करीब 10 प्रतिशत अधिक है।

**मानसून सीजन में माहवार वर्षा की स्थिति**

जून में सामान्य से 49 प्रतिशत कम वर्षा
जुलाई में सामान्य से 20 प्रतिशत अधिक वर्षा
अगस्त में सामान्य से 09 प्रतिशत अधिक वर्षा
सितंबर में सामान्य से 55 प्रतिशत अधिक वर्षा
पूरे मानसून सीजन में सामान्य से 10 प्रतिशत अधिक वर्षा

बीते वर्ष मानसून ने उत्तराखंड से छह अक्टूबर को विदा ली थी। वहीं, वर्ष 2022 में मानसून अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में विदा हुआ था। वर्ष 2021 व 2020 में मानसून ने अक्टूबर के पहले सप्ताह में ही विदाई हुई थी। अब मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिली रह सकती है, लेकिन सुबह–शाम पारे में गिरावट आने के आसार हैं।

## शहीदों के बलिदान एवं परिश्रम से मिला उत्तराखंड राज्य : धामी

● रामपुर, गोलीकांड में शहीद हुए सभी राज्य आंदोलनकारियों की शहीद स्थल रामपुर में लगाई जाएगी प्रतिमा
● मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर, (उ.प्र.) में राज्य आंदोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर, (उ.प्र.) में उत्तरखण्ड राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रामपुर तिराहा गोलीकांड में शहीद हुए प्रत्येक राज्य आंदोलनकारी की याद में शहीद स्थल रामपुर में उनकी प्रतिमा लगाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल के लिये भूमि दान करने वाले दिवंगत महावीर शर्मा की प्रतिमा का भी शिलान्यास किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान एवं परिश्रम से हमें उत्तराखंड राज्य प्राप्त हुआ है। पृथक उत्तराखंड राज्य के लिए चलाए गए आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों को अनेकों यातनाओं और अत्याचारों को सहना पड़ा था। 2 अक्टूबर 1994 को रामपुर तिराहे पर घटित हुए गोली कांड राज्य आंदोलन का सबसे क्रूर और गहरा जख्म देने वाला अध्याय रहा। शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने जा रहे आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचारों से मिले घावों को कोई भी उत्तराखंडवासी भुला नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण और बेहतर भविष्य के लिए आंदोलनकारियों ने अपना वर्तमान बलिदान कर दिया था। उत्तराखण्ड की जनता सदैव इन वीरों की ऋणी रहेगी। कहा कि राज्य निर्माण आंदोलन में राज्य की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, राज्य की महिलाएं कभी अत्याचारों के आगे नहीं झुकी। जिस राज्य के निर्माण के लिए हमारे आंदोलनकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर दिए। राज्य सरकार उस उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने हेतु रात-दिन कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा राज्य सरकार बहुत जल्द उत्तराखंड में सख्त भू–कानून को लाने की तैयारी कर रही है। जिसके लिए सभी स्टेकहोल्डर, विशेषज्ञों, आंदोलनकारियों से विचार विमर्श किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव , उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन समिति श्री विनय रोहेला, विधायक प्रदीप बत्रा, जिला अध्यक्ष भाजपा (मुजफ्फरनगर) सुधीर सैनी, श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप, सचिव हरिचंद्र सेमवाल, जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेंद्र सिंह एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिहार–बंगाल समेत 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को केंद्र ने दिए 5858 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। बाढ़ से हुए नुकसान से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने बिहार और पश्चिम बंगाल समेत 14 राज्यों को राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से 5,858 करोड़ रुपये की अग्रिम सहायता राशि जारी की गई है। असम, मिजोरम सहित कई राज्यों में केंद्रीय अंतर मंत्रालीय टीम द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा चुका है और जल्द ही टीम बिहार और पश्चिम बंगाल भी दौरा करेगी।

**जारी होगी सहायता राशि**

अंतर मंत्रालीय टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद अतिरिक्त सहायता राशि जारी की जाएगी। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लोगों की मुश्किलें कम करने में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

**बिहार को मिले 656 करोड़ रुपये**

गृह मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से बिहार को 656 करोड़, पश्चिम बंगाल को 468 करोड़, महाराष्ट्र को 1492 करोड़ और हिमाचल प्रदेश को 189 करोड़ रुपये जारी किये गए।

## एस जयशंकर की ड्रैगन को दो टूक

## बोले-चीन ने भारत के साथ समझौतों का किया उल्लंघन

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि चीन ने भारत के साथ सीमा समझौतों का उल्लंघन किया है। साथ ही कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव जारी रहने से शेष संबंधों पर स्वाभाविक रूप से असर पड़ेगा।

**चीन की वजह से हो रहा तनाव**

अमेरिकी थिंक टैंक 'कारनेगी एनडोमेंट फार इंटरनेशनल पीस' में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, 'जहां तक चीन के साथ हमारे संबंधों की बात है तो यह एक लंबी कहानी है। संक्षेप में कहें तो सीमा पर शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए हमारे बीच समझौते थे। चीन ने उनका उल्लंघन किया। हमने सेनाओं को अग्रिम मोर्चों पर तैनात कर रखा है और उससे तनाव पैदा हो रहा है। जब तक अग्रिम मोर्चों पर तैनाती का मसला नहीं सुलझता, तनाव बना रहेगा। अगर तनाव रहेगा तो बाकी रिश्तों पर भी स्वाभाविक रूप से असर



पड़ेगा।' व्यापार के संबंध में जयशंकर ने कहा, 'वैश्विक विनिर्माण (मैनुफैक्चरिंग) में चीन की हिस्सेदारी लगभग 31–32 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कई दशकों तक पश्चिम के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय कारोबार जगत ने आपसी हितों के लिए चीन के साथ सहयोग करने का चुनाव किया। आज किसी भी देश के लिए जो किसी भी तरह की खपत करता है या विनिर्माण करता है तो चीन से सोर्सिंग करना अपरिहार्य है।'

## मणिपुरः स्वच्छता अभियान पर प्लॉट की सफाई को लेकर बवाल

इंफाल। स्वच्छता अभियान के तहत उखरूल में बुधवार को एक भूखंड की सफाई को लेकर दो समूहों के बीच विवाद हो गया।

इस दौरान हुई गोलीबारी में मणिपुर राइफल्स के जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। शहर में निषेधाज्ञा लागू किए जाने के साथ एक दिन के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं है।



**मणिपुर राइफल्स के जवान की मौत**

अधिकारियों ने कहा कि दोनों समूह नागा समुदाय से हैं और जमीन पर दावा करते हैं। स्थिति पर नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल भेजा जा रहा है। मृतकों की पहचान वोरिनमी थुमरा, रीलीवुंग होंग्रे और सिलास जिंगखाई के रूप में की गई। थुमरा मणिपुर राइफल्स का जवान था और मौके पर तैनात था। हिंसा के बाद, तीन तंगखुल नागा विधायकों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और चर्चा के माध्यम से मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने की अपील की।

**आइईडी समेत विस्फोटक बरामद**

पुलिस ने बुधवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने तेंग्नौपाल जिले के सेनम गांव में अन्य चीजों के अलावा, 10 बड़े आइईडी, 11 मध्यम आकार के आइईडी, 42 देसी ग्रेनेड, सात 36 हैंड ग्रेनेड, दो चीनी ग्रेनेड और 34 पेट्रोल बरामद किए हैं। इसके अलावा एक देसी बंदूक, एक राइफल और पिस्तौल, दो पोम्पी बंदूकें और डेटोनेटर बरामद किए गए हैं।

हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत

पिछले साल मई से इंफाल घाटी स्थित मेइतीस और आसपास की पहाड़ियों के कुकी के बीच जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। चुड़चंद्रपुर में उग्रवादी को मारी गोली वहीं, चूड़चंद्रपुर जिले के लीशांग गांव के पास अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के स्वयंभू इलाकाई कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतक की पहचान दक्षिणी जिले के कपरंग गांव के निवासी और यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के सदस्य सीखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई है।

## हिजबुल्ला–ईरान से टकराव के बीच नेतन्याहू की सुरक्षा प्रमुखों की बैठक

तेल अवीव। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को तेल अवीव के किरिया में सुरक्षा प्रतिष्ठान के प्रमुखों के साथ एक बैठक की। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब ईरान की ओर से करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइलें इस्राइल पर दागी गई हैं और क्षेत्र में तनाव चरम पर है।


**मिसाइल हमले कर ईरान ने बड़ी गलती कर दीः बेंजामिन नेतन्याहू**

इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने आज दोपहर सुरक्षा प्रतिष्ठान के प्रमुखों के साथ चर्चा की। अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक (डेस्ट्रॉयर) इस्राइली वायु सेना के साथ मिलकर इन मिलकर ईरानी मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। प्रधानंत्री नेतन्याहू ने ईरान के मिसाइल हमले को लेकर कहा कि उसने बड़ी गलती कर दी है ।

## सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट, भड़की एक्स 7.1 श्रेणी की ज्वाला

**नासा ने कैमरे में कैद की तस्वीरें**

नैनीताल। सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट के साथ एक्स 7.1 श्रेणी की ज्वाला भड़की है। नासा की सोलर डायनेमिक्स आब्जर्वेटरी ने इस भीषण सौर ज्वाला की तस्वीर कैमरे में कैद की है। सूर्य की सतह पर छाए सन स्पाट ग्रुप आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट के संकेत दे रहे हैं। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर विज्ञानी डा. वहाबउद्दीन सूर्य की गतिविधि पर निरंतर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक अक्टूबर को उठी ज्वाला बेहद तीव्रता वाली थी। इन दिनों बड़े जटिल सन स्पाट समूहों के साथ सौर गतिविधि प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जो बड़ी ज्वाला उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त चुंबकीय ऊर्जा संग्रहीत करने में सक्षम नजर आ रही हैं। एक नया बड़ा सन स्पाट



समूह सूर्य के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में उभर रहा है, जो बेहद जटिल होने के साथ बड़ी ज्वालाएं पैदा करने की क्षमता रखता है। डा. वहाबउद्दीन के अनुसार सौर ज्वालाएं ऊर्जा का शक्तिशाली विस्फोट हैं। आग की लपटें और सौर विस्फोट रेडियो संचार, इलेक्ट्रिक पावर ग्रिड, नेविगेशन सिग्नल को प्रभावित कर सकते हैं और अंतरिक्ष यान व अंतरिक्ष यात्रियों के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं।

तीन प्रकार की होती हैं सौर ज्वालाएं

सौर ज्वालाएं तीन प्रकार की होती हैं। एक्स क्लास की सबसे शक्तिशाली मानी जाती हैं। जबकि एम क्लास की ज्वालाएं मध्यम होती हैं। सी क्लास की सबसे कम शक्तिशाली होती हैं। प्रत्येक सौर ज्वाला को एक से 10 वर्ग में विभाजित किया गया है। इससे इनकी तीव्रता का आंकलन किया जाता है। जैसे एक्स 2 क्लास की ज्वाला एक्स 1 से दोगुनी शक्तिशाली होती है। इसी तरह एक्स 3 एक्स 1 से तीन गुनी ताकतवर होती है।

## आवासीय कालोनियों में तेजी से लगेंगे सोलर रूफ टाप

● 250 मेगावाट तक के प्रोजेक्ट शामिल

देहरादून। पीएम सूर्यघर योजना के तहत उत्तराखंड में अब आवासीय कालोनियों के भवनों में तेजी से सोलर रूफ टाप लगेंगे। ऊर्जा सचिव डा आर मीनाक्षी सुंदरम के अनुसार इस संबंध में रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी से बातचीत चल रही है।

सरकारी भवनों में भी सोलर रूफ टाप लगाए जाएंगे। डा सुंदरम ने बुधवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कहा कि इस योजना में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें आवेदनों के निस्तारण की दर में उत्तराखंड देश में अव्वल है। केंद्र के साथ ही राज्य सरकार भी योजना में सब्सिडी दे रही है।



**मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के प्रति भी रुझान तेजी से बढ़ा**

डा सुंदरम ने कहा कि राज्य में संचालित मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के प्रति भी रुझान तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2018–19 में लांच इस योजना में पूर्व में कुछ बंदिशें थीं। वर्ष 2022 में योजना की गाइडलाइन में संशोधन किए गए। इसमें 250 मेगावाट तक के प्रोजेक्ट रखे गए। साथ ही इसे एमएसएमई से जोड़ा गया। इसके बेहतर परिणाम आए हैं। जगह–जगह छोटी–छोटी यूनिट लग रही हैं। अभी तक 174 मेगावाट की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। टिहरी, उत्तरकाशी व चंपावत जिलों में बेहतर कार्य हो रहा है। मोरी तहसील के कुकरेड़ा गांव में तो सोलर के साथ अदरक की खेती भी हो रही है।

**नीति में बदलाव की है तैयारी**

एक प्रश्न पर ऊर्जा सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना की नीति में कुछ बदलाव की तैयारी है। इसमें योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ ही भुगतान से जुड़े बिंदुओं के समाधान पर जोर दिया जा रहा है।

**19 परियोजनाएं पाइपलाइन में**

लघु जलविद्युत नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें संशोधन के बाद छह परियोजनाओं में निविदा हो चुकी हैं। 19 परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान भी लघु जल विद्युत परियोजनाओं में निवेशकों ने रुचि दिखाई थी।

## जलने लगी पराली, दमघोंटू प्रदूषण के लिए हो जाइये तैयार

नई दिल्ली, इस माह दिवाली और दशहरा है। वहीं धान की कटाई भी शुरू हो चुकी है। इस मौसम के शुरू होते ही दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण की परत एक बार फिर से गहराने लगी है। दिल्ली सरकार ने फिलवक्त इस बात को लेकर सहमति जताई है कि ऑड–ईवन लागू किया जाएगा। लेकिन कई रिपोर्ट इस बात की तसदीक करती है कि सिर्फ गाड़ियों का प्रदूषण दिल्ली की सेहत नहीं बिगाड़ता, पराली भी दिल्ली की आबोहवा खराब करने के बड़े कारणों में एक है। हरियाणा और पंजाब में खेतों से उठने वाला पराली का धुआं हर साल की तरह इस बार भी हवा को जहरीला बनाएगा। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत में अक्टूबर के पहले दिन ही लगभग 285 से ज़्यादा पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई



हैं। यह चिंता का विषय है क्योंकि पंजाब और हरियाणा ने 2024 तक शून्य पराली जलाने का वादा किया था। यूं तो पंजाब और हरियाणा के खेतों में धान की कटाई के बाद ही कृषि अवशेष जलाने लगते हैं, लेकिन 15 सितंबर के बाद इसमें तेजी आने लगती है। पराली जलाने की सबसे ज्यादा घटनाएं 15 अक्टूबर से 25 नवंबर तक होती हैं। इसी दौरान दीपावली का पर्व भी आता है और हवा की गति बहुत धीमी होती है। पराली और दिवाली का धुआं मिलकर प्रदूषण की स्थिति को खतरनाक बना देते हैं।

## सम्पादकीय

# मिलावटखोरों का पर्व

पितृ पक्ष की शुरुआत के साथ ही धार्मिक पर्व का मौसम शुरू हो जाता है। पितृपक्ष समाप्त हो चुके हैं और अब शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं। बड़ी संख्या में अगले नौ दिन लोग व्रत रखेंगे और खास तरह का भोजन ही व्रत के दौरान अपने प्रयोग में लाएंगे। धार्मिक आयोजनों एवं पर्वों के दौरान ही मिलावट का सबसे बड़ा खेल शुरू होता है। इसमें आटे से लेकर दूध, पनीर और दूसरी उत्पाद बड़ी मात्रा में बाजार में उतारे जाते हैं। व्यापक तैयारी एवं जांच की सुविधा न होने के कारण अक्सर लोग मिलावटी पदार्थ खाने के लिए विवश है। पिछले कई मौके पर जांच और छापे के दौरान मिलावटी पदार्थ पकड़े गए हैं लेकिन ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर सिवाय खानापूर्ति के और कुछ हाथ नहीं लगा है। इस नवरात्रि के दौरान सबसे बड़ी समस्या कुट्टू के आटे और घी दूध को लेकर है जो की बड़ी संख्या में प्रयोग में लाया जाता है। अब कुट्टू के आटे में भी मिलावट किए जाने की बातें सामने आने लगी हैं। खाद्य विभाग की ओर से इस दिशा में अभी कोई बड़ी कार्रवाई नजर नहीं आई है और ना ही लोगों को मिलावटी पदार्थ की पहचान करने में जागरूक करने का ही प्रयास किया गया है। गत वर्षी में कुट्टू का आटा भी मिलावटी पाया गया था और फिर वही मिलावट का खेल धार्मिक पर्वों के दौरान देखने को मिल रहा है। त्योहारों के समय मिलावट का बाजार सबसे अधिक परवान चढ़ता है। अभी पिछले ही वर्षों के कुछ प्रकरणों पर नजर डालें तो दून में बड़ी संख्या में नकली पनीर, मावा और दूसरे दूध से बने हुए उत्पाद पकड़े गए थे। कहने को विभाग ने उनके सैंपल जांच के लिए भेजे थे लेकिन उसका क्या परिणाम निकला यह आज तक कभी सामने नहीं आ पाया। विभाग ना तो मिलावटी पदार्थ की सप्लाई करने वालों को पकड़ पाता है और ना ही उस स्थान को ही चिन्हित कर पता है जहां यह सारा माल तैयार किया जा रहा है। इन परिस्थितियों में मिलावटखोरों के हौसले तो बुलंद होने ही है और हो भी रहे हैं। खाद्य विभाग भी महज एक दो मामले पड़कर अपने होने की खानापूर्ति करता है जिसका कोई असर मिलावट करो पर नहीं पड़ता। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि आम लोगों को इस बात का पता ही नहीं है कि मिलावटी पदार्थ की जांच आखिर कैसे करें? पूरा मूल्य चूका कर भी लोग ऐसी मिलावटी वस्तु खरीद रहे हैं जो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। यूं तो मिलावट वस्तुएं बेचने वालों के खिलाफ कानून भी बनाया गया है लेकिन शायद ही इसके अंतर्गत किसी मिलावटखोर पर कभी कोई बड़ी कार्रवाई देखने को मिली हो। लाख प्रयास करने के बाद भी लोग इस मिलावट खोरी से बच नहीं सकते और संबंधित विभाग हैं जिन्हें इस सबसे कोई लेना देना ही नहीं है।

# स्वच्छ भारत मिशन–शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू–प्रिंट

**तोखन साहू,**

हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था इस हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और 'विकसित भारत' में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी।

शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट–से–ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014–2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है।

स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहरी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा–निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफ़ाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देने के साथ–साथ संसाधन जुटाने और तकनीकी क्षेत्र में इनोवेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, जिससे स्वच्छता संबंधी समाधान अधिक सुलभ और स्थायी बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल हमारे स्वच्छता नायकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करती हैं और उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं, जो सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में भी मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती हैं।

यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समाज के बेहद पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए भी समावेशी एवं न्यायसंगत हों और एसबीएम ने यह काम सफलतापूर्वक किया है। इसी तरह के उदाहरणों में से एक है, जिसे मैंने भी करीब से देखा है और यह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में हुआ है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के साथ लगभग 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल पर जाने वाले कचरे को प्रभावी रूप से घटाने का काम किया है और स्त्रोत पर ही इसके लिए विशेष प्रबंध किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस सफलता का एक प्रमुख हिस्सा 470 सफाईकर्मियों का एक समर्पित समूह है, जो शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रशिक्षित सजग महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों से अंबिकापुर नगर पालिका को न केवल राजस्व अर्जित करने में सफलता मिली है, बल्कि उस राजस्व को पुनः सामुदायिक सेवाओं में निवेश करने में भी मदद मिली है, जिससे समावेशी रणनीतियों के सामाजिक–आर्थिक लाभ भी दिखाई दिए हैं।

अंबिकापुर में महिलाएं कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को संचालित करती हैं – संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक – वे कचरे को दायित्व के बजाय संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और मैटेरियल रिकवरी को प्रोत्साहित करती है, जिससे कचरा चक्रमें आने वाले लूप प्रभावी रूप से बंद हो जाते हैं। समुदाय को जिम्मेदार कचरा निपटारे के बारे में शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं, आर्थिक अवसरों को खोलते हैं और स्थायी अभ्यासों को आगे बढ़ाते हैं। इस तरह निचले स्तर से विचार और काम शुरू करते हुए आज राज्यों को कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया गया है।

अंबिकापुर की 'महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छता' संबंधी पहल प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने की चाह रखने वाले टियर–द्वद्व और टियर–3 श्रेणी के शहरों के लिए एक आशाजनक ब्लू–प्रिंट है। जबकि प्रत्येक समुदाय को अलग–अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, अंबिकापुर मॉडल सामुदायिक भागीदारी द्वारा संचालित स्थानीय समाधानों की शक्ति को दर्शाता है। जैसे–जैसे शहरी आबादी बढ़ रही है और अपशिष्ट प्रबंधन तेजी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है, दुनिया भर के शहर प्रेरणा के लिए अंबिकापुर की ओर देख सकते हैं। उचित समर्थन और प्रतिबद्धता के साथ, हम अपशिष्ट प्रबंधन को विकास और सशक्तीकरण के लिए एक संसाधन के स्वरूप में ढाल सकते हैं, जिससे विभिन्न समुदायों और हमारे पर्यावरण दोनों को लाभ होगा।हमारे पास भारत भर में सशक्त महिलाओं के कई उदाहरण हैं, जो स्वच्छता और सफाई संबंधी मिशन के लक्ष्यों को बेहतर तरीके से हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। आज महिलाएं, कचरा प्रबंधन से लेकर सामुदायिक शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पहल करने में सबसे आगे हैं, ये प्रयास उन्हें आवश्यक परिवर्तनकारी का-रक के रूप में प्रमाणित करते हैं। अपनी सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में योगदान दिया है, बल्कि सफाई और स्वच्छता के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदला है। एसबीएम के अहम प्रभावों में से एक महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन भी रहा है, विशेष रूप से सफाई से जुड़ी भूमिकाओं में उन्होंने बड़ा योगदान दिया है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन जैसी पहलों ने महिलाओं को कचरा संग्रह, पृथक्करण और प्रसंस्करण में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए हैं। सफ़ाईकर्मी के रूप में, महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर रही हैं और अपने समुदायों में अपनी स्थिति को बेहतर बना रही हैं। यह आर्थिक सशक्तीकरण उनके आत्म–सम्मान और मान्यता को प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो ट्रेडिशनल जेंडर नॉर्म्स को चुनौती देता है। महिलाएं सामुदायिक जुड़ाव और जागरूकता अभियानों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे परिवारों को स्वच्छता के प्रयासों, कचरे को अलग–अलग करने और स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं। उनकी भागीदारी स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देती है, जो एसबीएम की पहलों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।

निष्कर्ष के तौर पर, एसबीएम में महिलाओं को शामिल करने से न केवल स्वच्छता पहलों की प्रभावशीलता बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक–आर्थिक विकास और लैंगिक समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, मिशन लगातार विकसित हो रहा है। अब ध्यान स्वच्छता से जुड़े प्रयासों में स्थिरता सुनिश्चित करने, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढने पर है। टेक्नोलॉजी और डेटा–ड्रिवन अप्रोच का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य अपनी रणनीतियों को सुधारना और लोगों तक अपनी पहुंच का विस्तार करना है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देश के हर कोने में स्वच्छता के लाभों को लोग अनुभव कर सकें। इसके अलावा, हमें भविष्य की पीढ़ियों के संस्कारों में स्वच्छता और सफाई के मूल्यों को पिरोते रहना जारी रखना चाहिए। स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक कार्यक्रम, पिछले एक दशक में हमारे द्वारा मिशन को दी गई गति को कायम रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। जैसे–जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम स्वच्छता की भावना को अपनाते हुए और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए हाथ से हाथ मिलाकर चलें। एक बार फिर से स?वच?छता को स?वभाव और संस?कार से जोडना है। स्वच्छता की यह यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन दृढ़ संकल्प और सामूहिक श्रमदान के साथ, एक स्वच्छ, स्वस्थ भारत तक हमारी पहुंच सुनिश्चित हो चुकी है।

> **शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट–से–ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014–2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है। स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहरी बन गए हैं।**

# सीबीआई और एफबीआई सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र'

**ओमप्रकाश मेहता**

आज देश की प्रमुख जांच एजेंसियाँ केंद्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) और वित्तीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सहित रक्षा इकाईयों पर यह एक सामान्य आरोप लगाा जा रहा है, ये सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र' है, जबकि इन पर पूरा नियंत्रण सरकार का है, इसीलिए यह सामान्य आरोप लगाया जाता है कि सरकारी वित्तीय घपलों की जांच निष्पक्षता के दायरें से बाहर ही रहती है, अब आज का मुख्य सवाल यह है कि इन प्रतिष्ठानों के नाम को स्वतंत्र' के साथ जोड़ा गया है, तो इन्हें स्वतंत्रता' व न्यायपूर्ण काम क्यों नही करने दिया जाता। पिछले दिनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल की शराब काण्ड में जमानत पर सवोच्च न्यायालय ने जो सरकारी जांच एजेंसियों को लेकर सख्त टिप्पणियां की, उन पर सरकार ने चाहे गौर न किया हो, किंतु देश के हर जागरूक और बुद्धिजीवी नागरिक ने काफी गंभीरता से लेकर उस पर मनन भी किया है और सवोच्च न्यायालय की टिप्पणियों को आज की सच्चाई से जोड़ा है। आज की एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज देश को प्रजातंत्र के तीन अंगों में से सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही भरोसा शेष रहा है, विधायिका व कार्यपालिका के साथ ही चौथे कथित अंग खबर पालिका पर भी भरोसा शेष नही रहा।

अब चूंकि पूरे देश को न्याय पालिका पर ही भरोसा रहा है और न्याय पालिका भी इस भरोसे को कायम रखने में जुटी है, तो फिर इन तथाकथित जांच एजेंसियों को सरकारी नियंत्रण से बाहर क्यों नही लाया जा रहा? यहाँ यह भी कटु सत्य है कि सरकार के अधिकांश दुष्कर्म' के मामलों की जांच का उत्तरदायित्व भी इन्हीं जांच एजेंसियों को सौंपा जाता है, जिन पर केन्द्र या राज्य में विराजित उन राजनेताओं का नियंत्रण रहता है जो स्वयं इन दुष्कर्मों' के सहभागी होते है, अब ऐसी स्थिति में तथाकथित इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों से सही न्यायपूर्ण व संवैधानिक जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यही मुख्य कारण है कि प्रजातंत्र के किसी भी अंग को सही व उचित न्याय नही मिल पाता और देश के आम नागरिक की खून–पसीनें की कमाई का अधिकांश पैसा इन कथित भ्रष्ट सत्ताधीशों की जेबों में चला जाता है, यही मुख्य कारण है कि आज के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ज.और देश को सकी गाढ़ी कमाई राशि के घपले पर न्याय भी नही मिल पाता क्योंकि जांच एजेंसियाँ इन्हीं भ्रष्टाचारियों के कब्जे में रहती है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार का महारोग' दिन दूनी–रात चौगुनी गति से महामारी का रूप ग्रहण करता जा रहा है।

इसलिए आज की सबसे अहम् और पहली जरूरत इन सरकारी जांच एजेंसियों को सरकार के नियंत्रण से बाहर करने की है और इसके लिए तथाकथित रूप से ईमानदार प्रधानमंत्री जी को ही संसद में संविधान संशोधन प्रस्तुत कर इन स्वतंत्र' एजेंसियों पर से अपना नियंत्रण हटाना पड़ेगा। खासकर केंन्द्रीय गृहमंत्री से तो ऐसी अपेक्षा की ही जा सकती है? क्योंकि आज इन एजेंसियों की स्वायतता को लेकर हर तरफ से कई सवाल खड़े किए जा रहे है। क्या ही अच्छा हो, यदि मोदी सरकार इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों की अब तक की भूमिकाओं, उनकी कार्यशैली व उनकी मजबूरियों की निष्पक्ष समीक्षा कर संसद के माध्यम से इन्हें और अधिक सक्षम व विश्वसनीय बनाने की दिशा में अहम् भूमिका का निर्वहन करें? क्योंकि आज इन जांच एजेंसियों में भी अमले की कमी से लेकर अन्य कई समस्याऐं है, जिनके कारण ये एजेसिंया त्वरित न्याय नही दे पा रही है। इसलिए इनका हर तरीके से पूर्णरूपेण न्यायोचित निरीक्षण कर इनके सुधार की दिशा में पहल की जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि इन एजेंसियों पर कितने और कितनी लम्बी अवधि के लम्बित मामले पेंडिंग है और इनका न्यायपूर्ण निपटारा कैसे व कितनी कम समयावधि में हो सकता है? यदि केन्द्र सरकार व प्रधानमंत्री व्यक्तिगत दिलचस्पी लेकर इस देशहित के कार्य को सम्पन्न करें, तो उनकी लोकप्रियता में अभिवृद्धि ही होगी।

# वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध छत्तीसगढ़ सरकार

**डॉ. दानेश्वरी संभाकर**

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण की प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों के सामाजिक–आर्थिक विकास की दिशा में सरकार ने कई हितकारी फैसले लिए हैं, जिनमें उनके भरण–पोषण, रहवास के लिए वृद्धाश्रमों की व्यवस्था, उनके लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था, संपत्ति के संरक्षण समेत कई अहम कार्य शामिल हैं। प्रदेश में माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में सभी अनुविभागों में भरण पोषण अधिकरण का गठन किया गया है, अधिकरण से जुड़े अपीलीय नियमों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरों पर भी अधिकरण का गठन हुआ है। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं भरण पोषण का लाभ दिलाने के लिए आवेदन की आसान व्यवस्था भी प्रभावी है। 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वृद्धजनों को निःशुल्क भोजन, आश्रय, देखभाल, मनोरंजनात्मक सुविधाएं आदि उपलब्ध कराने लिए राज्य के 26 जिलों में 35 वृद्धाश्रम भी चलाए जा रहे हैं जिसका लाभ लगभग एक हजार वरिष्ठ नागरिकों को हो रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पूरी संवेदनशीलता से वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रख रही है। 60 वर्ष या इससे अधिक के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो बढ़ती उम्र के कारण गंभीर बीमारियों के कारण बिस्तर पर रहने को मजबूर हैं, उनकी समुचित देखरेख, उन्हे स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशामक देखरेख गृह संचालन की योजना भी शुरू की गई है।

# अनन्या पांडे की अपकमिंग फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज

डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर जबरदस्त है और भविष्य में सेंध लगाने की कोशिश करता है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले ही ट्रेलर में अनन्या पांडे की एक्टिंग की जमकर तारीफ हो रही है। अनन्या के साथ फिल्म में लीड रोल निभाने वाले विहान समत और देविका वस्ता शामिल हैं। फिल्म 4 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म



की कहानी काफी दिलचस्प नजर आ रही है। ट्रेलर में इसकी झलकियां भी दिखाई गई हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनन्या पांडे अपनी जिंदगी काफी खुशहाल तरीके से जी रही होती हैं। इसी दौरान अनन्या का किरदार एक सोशल मीडिया एप पर जाता है और खुशी के पल शेयर करता है। लेकिन इसी बीच अनन्या को प्यार में धोखा मिलता है, जिससे अनन्या बुरी तरह टूट जाती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चल रहा एप अनन्या को बॉयफ्रेंड से दूरी बनाने की सलाह देता है और यहीं से कहानी दिलचस्प मोड़ ले लेती है। ट्रेलर में अनन्या पांडे दमदार एक्टिंग करती नजर आ रही हैं।

## कृति सेनन ने थाई हाई स्लिग गाउन पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस के किलर पोज फैंस को बना रहे दीवाना

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सेनन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद आकर्षक तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक ग्रे ऑफ–शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं. कृति के इस लुक ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है और उनके किलर पोज ने फैंस को दीवाना बना दिया है.

कृति ने अपने इस शानदार लुक के साथ ग्लोइंग मेकअप किया है, जो उनकी खूबसूरती को और भी बढ़ा रहा है. खुले बालों के साथ पहना गया नेकलेस उनके इस लुक को और अधिक आकर्षक बनाता है. कृति सेनन ने यह लुक आईफा पुरस्कार 2024 के लिए अपनाया था, जहां उन्होंने अपने अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और फैंस उनकी स्टाइल और कॉन्फिडेंस की तारीफ कर रहे हैं. हाल ही में, कृति सनोन को फिल्म क्रू में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए आलोचकों की प्रशंसा मिली।

# माइकल वॉन ने भारतीय टीम पर लगाया चोरी का आरोप

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत पर इंग्लैंड की कॉपी करने का आरोप लगाया है। वॉन का मानना है कि भारतीय टीम ने कानपुर टेस्ट मैच जीतने के लिए बैजबॉल क्रिकेट की कॉपी की है। बता दें की तीन दिन का खेल खराब होने के बाद चौथे दिन भारत ने पूरी तरह से आक्रमक रुख अपनाया था और पांचवें दिन टेस्ट मैच जीत लिया। दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पहली पारी में आठ रन प्रति ओवर के हिसाब से रन बनाए। महज 34.4 ओवर में 285/9 पर पारी घोषित कर बांग्लादेश पर 52 रन की बढ़त हासिल की। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश को 146 रन पर समेट दिया





और चौथी पारी में 95 रन के लक्ष्य को 17.2 ओवर में हासिल कर लिया। इसके बाद वॉन ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट पर भारत के प्रदर्शन की तारीफ की और कहा कि उन्होंने इंग्लैंड की नकल की।

**'भारत कर रहा इंग्लैंड की कॉपी'**

वॉन ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि यह एक शानदार टेस्ट मैच था। यह देखना शानदार है कि भारत अब बैजबॉलर बन गया है। उन्होंने 34.4 ओवर में 285 रन बनाए, उन्होंने इंग्लैंड की नकल की। यह बहुत बड़ी बात है, अगर आपको लगता है कि भारत अब इंग्लैंड की नकल कर रहा है, तो यह बहुत बढ़िया है। मुझे कानूनी पहलुओं के बारे में नहीं पता, क्या इंग्लैंड इसके लिए उन पर आरोप लगा सकता है?

**गैम्बल क्रिकेट खेल रहा भारत**

इस पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने वॉन के जवाब पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह भारत का अपना 'गैम्बल' है, जिसका नाम उनके मुख्य कोच गौतम गंभीर के नाम पर रखा गया है।

# थलपति विजय की गोट बनी मेगा ब्लॉकबस्टर, डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने जताया आभार

साउथ सुपरस्टार थलपति विजय की नई एक्शन फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म ने दुनियाभर में 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और भारत में भी 250 करोड़ रुपये की कमाई करने में सफल रही है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइमको मिल रही अपार सफलता के लिए फिल्म के डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने सभी दर्शकों और फैंस का शुक्रियाअदा किया है. वेंकट प्रभु ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने सभी दर्शकों का शुक्रियाअदा किया है. साथ ही, उन्होंने फिल्म के बारे में अपडेट भी साझा किया है. डायरेक्टर ने फिल्म गोट का एक शेयर करते हुए कैप्शन में



लिखा है, भगवान कृपा हैं. आप सभी का धन्यवाद जिन्होंने हमारे द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (गोट) को मेगा ब्लॉकबस्टर बनाया. डायरेक्टर ने फिल्म की 25वें दिन की जबरदस्त सक्सेस का जश्न भी मनाया, उन्होंने अपने पोस्ट में विजय, अर्चना कल्पथी, ऐश्वर्या कल्पथी और संगीतकार युवान शंकर राजा सहित अन्य को टैग किया. ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम ने भारत में 1.2 करोड़ रुपये की कमाई की. गोट का कुल नेट कलेक्शन 250 करोड़ रुपये है. थलपति विजय की तमिल फिल्म का दुनिया भर में कुल कलेक्शन 2 करोड़ रुपये है. जबकि दुनिया भर में कुल ग्रॉस कलेक्शन 456 करोड़ रुपये है. ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोट 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म और 11वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली साउथ इंडियन फिल्म बन गई है. इसे 380 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, थलपति विजय की तमिल फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम नेटफ्लिक्स पर अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार है.

## टी20 वर्ल्ड कप 3 अक्टूबर से हो रहा टूर्नामेंट का आगाज

नई दिल्ली। विमंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज होने में अब कुछ ही घंटों का समय बचा है। 3 अक्टूबर से टूर्नामेंट का श्रीगणेश होगा। पहले ही दिन 2 मुकाबले खेले जाएंगे। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश का सामना स्कॉटलैंड से होगा। वहीं दूसरे मैच में पाकिस्तान टीम श्रीलंका से टकराएगी। दोनों ही मुकाबले शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**यूएई में होंगे सभी मुकाबले**

टूर्नामेंट के 9वें एडिशन के सभी मुकाबले यूएई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम और शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। सभी टीमों को 5–5 के 2 ग्रुप में बांटा दिया गया है।

# अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली को किया आउट

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और पत्नी अनुष्का शर्मा ने हाल में गली क्रिकेट का लुत्फ उठाया। इस दौरान अनुष्का शर्मा ने अपने रूल बनाए। इसका वीडियो अनुष्का शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। अनुष्का शर्मा ने बुधवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके और विराट कोहली के बीच गली क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों के मीठी नोकझोंक देखने को मिली। वीडियो में अनुष्का शर्मा को अपने नियम बनाते हुए देखा जा सकता है।

**अनुष्का शर्मा ने बताए अपने नियम**

वीडियो में दिखा कि अनुष्का का पहला नियम था कि 3 बार गेंद, बैट से



मिस होने पर बल्लेबाज आउट होगा। लगातार 3 बार शरीर पर लगेगी तो भी खिलाड़ी आउट होगा। कोहली यह सुनकर थोड़ा गुस्से में आए तो अनुष्का ने कहा कि ऐसा रिएक्शन देने पर भी बल्लेबाज आउट होगा। जब विराट ने अनुष्का से गेंदबाजी करने को कहा तो अनुष्का ने आखिरी नियम गिनवाते हुए बताया कि बैट जिसका होगा, वही पहले बैटिंग करेगा।

**तिलमिलाए विराट कोहली**

वहीं, आखिर में अनुष्का ने कोहली को आउट करने का जश्न मनाया। इस पर कोहली तिलमिला गए और कहा कि यह क्या रूल हैं। अनुष्का ने उन्हें ठोका और कहा, 'आठवां रूल, जो गुस्सा होगा वह आउट हो जाएगा।' कोहली फिर बल्ला जमीन पर मारते हुए चले गए। उन्होंने कहा, 'भाड़ में जाए गेम, हट्ट!' बता दें कि विराट कोहली को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलते हुए देखा गया था।

## एक नजर

### प्लॉस्टिक सर्जरी का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता

नई टिहरी : श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग के योग विभाग में मैक्स अस्पताल देहरादून की ओर से प्लास्टिक सर्जरी और हार्मोन्स आदि बीमारियों पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। अस्पताल प्रबंधक रजत सिंह पटवाल के मार्गदर्शन में चिकित्सकों की टीम ने प्लास्टिक सर्जरी की आवश्यकता व महत्त्व पर अनेक जानकारियां दीं।

बुधवार को श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एस्थेटिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. चिसेल भाटिया ने बताया कि प्लास्टिक सर्जरी जलने, दुर्घटनाओं में गंभीर चोट या अंगों के कटने व जन्म से किसी अंग के न होने की स्थिति में बहुत उपयोगी है। कुछ लोग सुंदर दिखने के लिए भी इसका उपयोग करने लगे हैं। प्लास्टिक सर्जरी के कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। इंडोक्रॉनोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. श्रेया शर्मा ने कहा कि कुछ लोग धूम्रपान, मदिरा और गुटखा का भी सेवन नहीं करते परंतु गलत खान-पान और दिनचर्या से बीमार पड़ते हैं।। सुगर से बचने के लिए शारीरिक कसरत के साथ ध्यान भी आवश्यक है, क्योंकि शुगर का संबंध तन व मन से है। चिकित्सकों ने छात्रों के प्रश्नों का भी समाधान किया। परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने चिकित्सकों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र से स्वागत किया। कहा कि योग विभाग के छात्रों के लिए ऐसे व्याख्यान महत्त्वपूर्ण हैं। छात्र समाज को योग के लाभ बताते बीमारियों से बचने के उपाय भी बताएं। इस मौके पर संचालक डॉ. वीरेंद्र सिंह बर्त्वाल, रजत गौतम छेत्री, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. रश्मिता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### शारदीय नवरात्र आज से, भक्तों में उत्साह

रुद्रप्रयाग : शारदीय नवरात्र को लेकर जनपद के देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई है। जबकि भक्तों में नवरात्र को लेकर उत्साह है। मुख्यालय सहित अनेक स्थानों में मंदिरों को सजा दिया गया है। शारदीय नवरात्र को लेकर शहरी कस्बों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में उत्साह का माहौल है। देवी मंदिरों में नवरात्र के लिए साज सज्जा के साथ ही पूजन के लिए व्यवस्थाएं की गई है। जबकि हरियाली रोपण की भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसी तरह घरों में भी लोगों ने हरियाली रोपण के लिए तैयारियां कर ली है। मुख्यालय स्थित चामुंडा देवी सहित जनपद के सिद्धपीठ कालीमठ, मठियाणा खाल, हरियाली देवी, राकेश्वरी देवी, चंडिका देवी सहित अनेक स्थानों पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। (एजेंसी)

### राम भद्राचार्य 21 नवंबर से करेंगे राम कथा

नई टिहरी : समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट की पहल पर 21 से 29 नवंबर तक टिहरी झील किनारे कोटी कालोनी में राम भद्राचार्य राम कथा करेंगे। इसके लिए ट्रस्ट ने रूपरेखा तैयार कर ली है। समारोह में विभिन्न पीठों के शंकराचार्य सहित 38 बड़े संत भी शिरकत करेंगे। झील में इस दौरान प्रत्येक शाम को 11 पंडित गंगा आरती करेंगे। बुधवार को पत्रकार वार्ता करते हुए समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष रावत ने इसकी जानकारी दी। इस मौके पर जाखणीधार प्रमुख सुनीता देवी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार, बीडीसी सदस्य शिवराज सिंह सजवाण, व्यापार मंडल अध्यक्ष ज्योति डोभाल, दर्शन लाल उनियाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### नवरात्र के लिए सजे गढ़वाल के मंदिर

नई टिहरी : नवरात्रि के लिए जनपद में माता के मंदिरों को संजाने-संवारने का काम शुरू हो गया है। बुधवार को नवरात्रि के पर्व के लिए मंदिरों में रंगरोगन के बाद सजाने का काम जारी है। नवरात्रि से कुंजापुरी में मेले का शुभारंभ भी होगा। मंदिर में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम रहेगी। नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही जनपद के सुरकंडा, चंद्रबदनी और कुंजापुरी में भक्तों का तांता लगना शुरू होता है। (एजेंसी)

### गांधी जयंती पर सुनाई रामधुन

चमोली : बुधवार को कर्णप्रयाग, सिमली, गौचर, आदिबदरी, नौटी, नंदासैंण और लंगासू में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उत्तराखंड तकनीकी संस्थान कोठियालसैंण में संस्थान के निदेशक डॉ. अमित अग्रवाल, कुलसचिव संदीप कंडवाल, प्रो. ओमवीर सैनी, अभिषेक अग्रवाल ने दोनों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संस्थान के निदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने देश की आजादी में उनके योगदान से अवगत कराया। मुस्कान खत्री ने राम धुन गाई। वहीं, पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में कैंपस की साफ-सफाई की गई।

# धामी सरकार ने तीन साल में शुरू किए दो मेडिकल कॉलेज

## अल्मोड़ा के बाद अब हरिद्वार में मेडिकल कॉलेज शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन साल के कार्यकाल के दौरान, उत्तराखण्ड में दो नए मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुके हैं। धामी सरकार के कार्यकाल के दौरान 2022 में अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुका है और अब इसी सत्र से हरिद्वार मेडिकल कॉलेज भी शुरू होने जा रहा है। दोनों जगह की कुल 200 नई सीटें जुड़ने से उत्तराखण्ड में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में मेडिकल सीटों की संख्या बढ़कर 625 हो गई है।



पुष्कर सिंह धामी सरकार के कार्यभार ग्रहण करने से पहले प्रदेश में श्रीनगर, देहरादून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज ही संचालित हो रहे थे। हालांकि तब तक अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज और हरिद्वार मेडिकल कॉलेज पर भी काम शुरू हो चुका था। कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ ही एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन दोनों मेडिकल कॉलेजों को प्राथमिकता पर शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके बाद दोनों मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर पूरा किया गया। जिसमें से अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज का निर्माण पहले पूरा होने पर यहां 2022 से ही मेडिकल की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब इसी क्रम में हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण कार्य पूरा होने से इसी शैक्षिक सत्र से यहां भी एमबीबीएस की 100 सीटों पर प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए मौजूदा शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 100 सीटें मंजूर कर दी हैं। इसके लिए अब काउंसिलिंग शुरू की जा रही है। इससे प्रदेश के और अधिक बच्चों को एमबीबीएस करने का मौका मिलेगा, इसके लिए उन्हें सरकारी फीस ही चुकानी है। सरकार नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के जरिए जहां स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही है, वहीं इससे मेधावी छात्रों को भी अपने प्रदेश में ही मेडिकल की पढ़ाई सस्ती दरों पर करने का मौका मिलेगा। हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए जल्द पहले बैच की काउंसिलिंग शुरू होगी, जल्द ही पिथौरागढ़ और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा करते हुए जरूरी मान्यता दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**उत्तराखंड में सरकारी मेडिकल कॉलेज और सीटें**

| | |
|---|---|
| देहरादून | – 150 |
| हल्द्वानी | –125 |
| श्रीनगर | – 150 |
| अल्मोड़ा | – 100 |
| हरिद्वार | –100 |
| कुल | 625 |

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित



**जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन :** छावनी परिषद लैंसडौन द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। बुधवार को इस अभियान का समापन हो गया है। स्वच्छता अभियान के समापन अवसर पर स्थानीय विधायक दिलीप रावत, गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट विनोद नेगी, छावनी परिषद के अधिकारी ने शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। स्वच्छता ही सेवा है, अभियान के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित गई थी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओ को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया कि महात्मा गांधी से प्रेरित होकर हमें आसपास साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए। कार्यक्रम में छावनी परिषद के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारी, स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

**युवाओं को करेगें रोजगार के लिए तैयार**

चमोली : प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिलासू में कंप्यूटर प्रशिक्षण के तहत कर्णप्रयाग और आसपास के 120 युवाओं को इंटरनेट ऑफ थिंग का 470 घंटे का प्रशिक्षण और 110 घंटे का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दिया गया था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 120 प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुशील चंद्र सती ने बताया कि इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण युवाओं को भावी रोजगार के लिए तैयार करते हैं। इस कोर्स में सफल युवाओं के रोजगार के लिए प्लेसमेंट की व्यवस्था भी की जाएगी। (एजेंसी)

# हाईवे जाम करने में किसान नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुड़की। भाकियू, क्रांति के प्रदर्शन के कारण पुलिस को नगर में पुरकाजी हरिद्वार हाईवे का यातायात 2 घंटे दूसरे रूट पर डायवर्ट करना पड़ा। मामला निपटने के बाद एसएसआई लक्सर ने यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित 200–250 लोगों के खिलाफ हाईवे जाम करने का केस दर्ज कराया है। तीन तीन पहले भारतीय किसान यूनियन, क्रांति ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं को लेकर रुड़की रोड पर बसेड़ी अड्डे से शिव चौक, फ्लाईओवर होते हुए कस्बे में बालावाली तिराहे तक ट्रैक्टर रैली निकाली थी। बालावाली तिराहे पर उनकी 11 समस्या एवं शिकायतों का मांगपत्र लेने के लिए लक्सर एसडीएम पहुंचे थे, लेकिन यूनियन के नेता मांगपत्र लेने के लिए डीएम को बुलाने पर अड़ गए थे। इसके चलते पुरकाजी हरिद्वार नेशनल हाईवे और लक्सर, राय, बालावाली, बिजनौर रोड पर जाम लग गया था। पुलिस के मुताबिक उनके प्रदर्शन के कारण दोनों मुख्य मार्गों पर दोपहर दो बजे से चार बजे तक रूट डायवर्ट करना पड़ा था। बाद में यूनियन ने मांग पत्र एसडीएम को सौंपकर प्रदर्शन खत्म किया था। प्रदर्शन के दौरान जाम लगने के मामले में एसएसआई, लक्सर मनोज गैरोला ने यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति, राष्ट्रीय प्रवक्ता तौफीक अहमद, राष्ट्रीय महामंत्री अजय वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंकज सैनी, जिलाध्यक्ष इरफान अली व अनिल चौधरी सहित 200–250 लोगों के खिलाफ लक्सर कोतवाली में तहरीर दी है।

## चंडिका देवी की बन्याथ पहुंची बैनोली से मालई गांव

चमोली : धियाणियों को आशीर्वाद देने के लिए 14 वर्ष बाद गांवों का भ्रमण कर रही सिमली क्षेत्र की राजराजेश्वरी चंडिका देवी की बन्याथ यात्रा बुधवार को मालई गांव पहुंची। इससे पहले एरोली गांव के लोगों ने देवी को नम आंखों से विदा किया। देवी ने धियाणियों को राजी खुशी रहने का आशीर्वाद दिया।

इस दौरान ब्रहमगुरु विशंभर सती और देवी के पश्वाओं की ओर से गाए गए विदाई गीत...ध्याण की बेटी रंगे रायो...ध्याणी घरों मां रंगे रायो आदि गीत सुनकर धियाणियों की आंखों में आंसू आ गए।

# छात्रों को बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने के लिए किया प्रेरित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दान उत्सव कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। इस अवसर अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. अतुल सिंह ने महात्मा गांधी के सत्य, न्याय, स्वच्छता और अहिंसा के सिद्धांतों पर चर्चा की। वहीं शिक्षणेत्तर कर्मचारी अनिल ध्यानी ने गांधी के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने छात्रों को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दान उत्सव के अंतर्गत नगर पंचायत थलीसैंण के पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करके किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नमामि गंगे के संयोजक डॉ. विवेक रावत, डॉ. विकास प्रताप सिंह, डॉ. शिवानी धूलिया आदि मौजूद थे।

# नगर पंचायत ने किया पर्यावरण मित्रों का सम्मान

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में निरंतर सफाई अभियान को निष्ठा से निभाते हुए केदारपुरी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पर्यावरण मित्रों का नगर पंचायत केदारनाथ ने सम्मान किया गया। नगर पंचायत केदारनाथ ने 50 पर्यावरण मित्रों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। केदारनाथ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जंयती पर नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में गंदगी एकत्र की गई। साथ ही नगर पंचायत ने 50 पर्यावरण मित्रों का सम्मान किया है। नगर पंचायत केदारनाथ के अधिशासी अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर केदारनाथ धाम में मंदिर परिसर से गोल चबूतरे तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं से धाम की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। सफाई अभियान के बाद भीमशीला परिसर में पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चारधाम यात्रा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 पर्यावरण मित्रों को शॉल एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि केदारनाथ धाम में विषम परिस्थितियों में पर्यावरण मित्रों द्वारा धाम को स्वच्छ बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा पर्यावरण मित्रों को गर्म जैकेट, रैनकोट, गर्म दस्ताने आवश्यकता अनुसार उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, साथ ही उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है जिसके लिए जरूरत के अनुसार उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय थपलियाल, केदारसभा के वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश पोस्ती, पुरुषोत्तम तिवारी, लक्ष्मीनारायण जुगरान, अंकित सेमवाल, प्रवीण तिवारी, रोशन त्रिवेदी, पंकज शुक्ला, तेजप्रकाश त्रिवेदी, सेक्टर मजिस्ट्रेट केदारनाथ के हाथों पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत केदारनाथ के पर्यावरण पर्यवेक्षक हिमांशु नेगी, कर संग्रहकर्ता नितिन देवशाली, सफाई नायक मुकेश कुमार के साथ ही बड़ी संख्या में पर्यावरण मित्र मौजूद थे। (एजेंसी)

## राज्य आंदोलन के शहीदों को किया याद

नई टिहरी : शहीद स्मारक पर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के शहीदों को बुधवार को स्थानीय लोगों और राज्य आंदोलनकारियों ने याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन के इन अमर शहीदों को भुलाया नहीं जा सकता है।

शहीदों की याद में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1994 में दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के 7 राज्य आंदोलनकारी रामपुर तिराहा गोली कांड में शहीद हुए। जिनमें टिहरी जनपद के राजेश नेगी, सूर्य प्रकाश थपलियाल, सतेंद्र चौहान, राजेश लखेड़ा, गिरीश भद्री, रविन्द्र रावत और अशोक कैशिव शामिल थे। इन शहीदों के अलावा सैकड़ों लोग जेल गये। अनेकों महिलाओं के साथ बदसलूकी हुई। राज्य के लिए यातना सहने वाले ऐसे शहीदों को भुलाया नहीं जा सकता है।

इन शहीदों के बलिदान के चलते ही उत्तराखंड राज्य का निर्माण हुआ। गोष्ठी में ज्योति प्रसाद भट्ट, किशन सिंह रावत, विक्रम सिंह बिष्ट, राकेश भूषण गोदियाल, शान्ति प्रसाद भट्ट, राजेंद्र बहुगुणा, विक्रम कठैत, रीता रावत, आनद सिंह बेलवाल, शंभू भंडारी, राजेंद्र सिंह असवाल, सुंदर लाल उनियाल, कुलदीप पंवार, मुरारी लाल खंडवाल, मुशरफ अली आदि ने कहा कि हमें शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए उत्तराखंडियत के लिए भी हमेशा तत्पर रहना होगा। गोष्ठी में मूल निवास, भू कानून और नई टिहरी शहीद स्थल निर्माण आदि विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र नौडियाल ने किया। (एजेंसी)

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक का काटना पड़ा पैर

रुड़की। धनपुरा, थाना पथरी निवासी सूरजमल की बेटी की ससुराल लक्सर के वार्ड एक में है। आठ अगस्त को बेटी की ससुराल में उसके बच्चे का जन्मदिन था। धनपुरा से सूरजमल का बेटा यश अपने चचेरे भाई हितेश पुत्र अमर सिंह के साथ बाइक पर लक्सर आ रहा था। अकबरपुर उद्द सीमेंट फैक्ट्री से थोड़ा आगे उनकी बाइक को तेज रफ्तार डंफर ने टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में दोनों युवक घायल हुए थे।

इनमें से हितेश को गंभीर हालत में पहले हरिद्वार और फिर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। चंडीगढ़ में डॉक्टरों को मजबूरन उसका एक पैर काटना पड़ा। करीब डेढ़ महीने इलाज के बाद उसे घर लाया गया।

बुधवार को उसके पिता अमर सिंह ने लक्सर कोतवाली में घटना की तहरीर दी।




## एक नजर

### संस्कृत छात्र प्रतियोगिता 15 अक्टूबर से

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की ओर से आगामी 15 और 16 अक्टूबर को खंड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जानकारी देते हुए खंड संयोजक कुलदीप मैंदोला ने कहा कि जनता इंटर कॉलेज मोटाढांक, कोटद्वार में खंड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संस्कृत नाटक, संस्कृत समूहगान, संस्कृत समूह नृत्य, संस्कृत वाद-विवाद, संस्कृत आशुभाषण एवं श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

### रामलीला मंचन आज से, तैयारियां पूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : श्री रामलीला मंचन एवं सांस्कृतिक समिति पौड़ी की ओर से गुरुवार से होने वाली रामलीला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी संचालन समितियां अपना कार्य बखूबी से निभा रही हैं।

समिति के अध्यक्ष ने सभी से भगवान राम के कथाओं के इस चरित्र चित्रण को देखने के लिए शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

समिति के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने बताया कि गुरुवार से होने वाली रामलीला से पूर्व सियाराम मंदिर में हरियाली घट स्थापना की जाएगी नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रथम नवरात्रि से विधि विधान पूर्वक देवी मां की पूजा-अर्चना और देवी पाठ का कार्यक्रम रखा गया है। नवमी को कन्या पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। कहा कि इस वर्ष रामलीला का और अधिक आकर्षण रखते हुए कलाकारों की तालीम में अभिनय, गायन और संगीत संयोजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। बताया कि रामलीला के आयोजन में जनता के द्वारा दिया गया आर्थिक सहयोग ही रामलीला के इस आयोजन को पूर्ण करता है।

### परिवर्तन की गंगा कार्यक्रम सम्पन्न

श्रीनगर गढ़वाल : स्टिल इंडिया ने गढ़वाल विवि के मीनी आडिटोरियम में परिवर्तन की गंगा कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में किसानों को खेती के तौर-तरीकों के बारे में जानकारियां दी गई। कृषि के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आधुनिक यंत्रों के बारे भी जानकारी दी गई।

इस मौके पर स्टिल इंडिया के प्रबंध निदेशक परिंद प्रभु देसाई सहित जिला कृषि अधिकारी राजेश तिवारी, अरविंद भट्ट, विजयकांत निजवाला, मनोज कुमार जोशी, आशा भट्ट सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को कठोर सजा देने की उठाई मांग

श्रीनगर गढ़वाल : आइसा छात्र संगठन ने बुधवार को बिड़ला परिसर गेट पर प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर कांड के दोषियों को कठोर सजा और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि तीस साल बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका है। जो पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। नवनिर्वाचित छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि सरकारें महिलाओं के सम्मान में केवल कोरी बयानबाजी करती हैं, लेकिन महिलाओं के न्याय के पक्ष में कभी खड़ी नहीं होती हैं। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह असवाल ने कहा कि दो अक्तूबर को पूरे विश्व में अहिंसा एवं शांति के प्रतीक महात्मा गांधी की जयंती पर हुए इस जघन्य अपराध में लिप्त लोगों को संरक्षण देना बताता है। (एजेंसी)

### श्रीनगर में निकाली चेतना-चेतावनी रैली

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र में कुछ लोगों के कथित तौर पर की जा रही गलत हरकतों के खिलाफ बुधवार को हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने नगर क्षेत्र में चेतना और चेतावनी रैली निकाली। भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखपत सिंह भंडारी के नेतृत्व में रैली सर्राफा धर्मशाला से वीर चंद्र सिंह गढ़वाल मार्ग होते हुए स्थानीय गोला पार्क में सम्पन्न हुई।

रैली में श्रीकोट, फरासू, जनासू, कलियासौंड, धारी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, चकवाली, पराग, डांग, कीर्तिनगर आदि क्षेत्रों के ग्रामीण पहुंचे। रैली को संबोधित करते हुए लखपत सिंह भंडारी ने कहा कि श्रीनगर में लगातार विशेष समुदाय के कुछ युवक फर्जी नाम से आईडी बना रहे हैं। इस फर्जी नाम के सहारे वे गलत काम कर रहे हैं। इस तरह के कई मामले सामने आए हैं। (एजेंसी)

# बालिका छात्रावास का हुआ श्रीगणेश

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नजीबाबाद रोड स्थित मिश्रा कॉलोनी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास का संचालन शुरू हो गया है। छात्रावास में बालिकाओं को बेहतर सुविधाएं मिलें इसके लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने बर्चुअल माध्यम से छात्रावास का शुभारंभ किया। इसके उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि छात्रावास में अपवंचित वर्ग की 50 बालिकाओं को प्रवेश दिया जाना है, जिसमें अभी तक आसपास क्षेत्र की 30 बालिकाओं का चयन छात्रावास के लिए कर दिया गया है। छात्रावास में प्रवेशित बालिकाओं को निःशुल्क भोजन, आवास, गणवेश, पाठ्य पुस्तक, विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण, चिकित्सा सुविधा, स्टाइपेंड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, ओपन जिम और राज्य के अंतर्गत भ्रमण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। बालिकाओं के इस छात्रावास में सभी कर्मचारी महिलाएं होंगी। जिनमें से रसोईया, स्वच्छक, रात्रि चौकीदार व भोजन माताओं की तैनाती कर दी गई है। इसके साथ ही भाषा, गणित-विज्ञान एवं सामान्य विषय में अल्पकालिक तीन शिक्षिकाओं, एक महिला लिपिक की भी नियुक्ति शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रावास का भवन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार में बनाया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए शासन से धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। इस मौके पर राज्य परियोजना कार्यालय के समग्र शिक्षा के माध्यम से 50 छात्राओं को ट्रैक सूट भी वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मणिराम शर्मा, उप राज्य परियोजना निदेशक फातिमा अंजुम अभिभावक समिति के अध्यक्ष ध्यान सिंह, प्रभारी बीआरसी समन्वयक उमा बुडाकोटी, अनीता आर्य, वार्डन सीमा रावत, डायट प्रवक्ता अरविंद, उमेश कुमार वर्मा, अजय नौडियाल, विनोद रावत, जाहिद अहमद आदि उपस्थित रहे।



छात्रावास शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

### गुमखाल बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान

कोटद्वार : विकासखंड द्वारीखाल की ओर से गुमखाल बाजार में स्वच्छता सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान कर्मियों ने आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। गांधी जयन्ती व लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती पर ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी रवि सैनी ने आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। कहा कि हमें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए। कहा कि ब्लॉक की ओर से लगातार आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रह है। महेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि मेरा संकल्प है कि हमारा विकासखण्ड स्वच्छता मे अग्रणी रहे। इसलिए हमने पर्यावरण मित्र को स्वच्छता कार्य के लिए विकासखण्ड में तैनात किया है, जो मुख्य बाजारों में स्वच्छता का कार्य करेंगे। इसके लिए सभी की जनसहभागिता जरूरी है। जब हम स्वच्छ रहेंगें तभी हम स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छता हमारे लिए आवश्यक है। इस अवसर पर कनिष्ठ प्रमुख रविंद्र रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमोहन सिंह नेगी, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, प्रधान सतीश चन्द्र सिंह, एबीडीओ राजीव ध्यानी, राजेश जोशी, प्रशासनिक अधिकारी कुमलेश बलोदी, डीपीओ अस्वत बर्थवाल, जेई मनरेगा चंद्रमोहन सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अनिल केष्टवाल, विकास चौधरी, पान सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह गुसाईं, मनमोहन सिंह बिष्ट, सौरभ डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी व महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में सदस्यों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि दो अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरवंदर में एक समृद्ध परिवार में गांधी जी का जन्म हुआ था। महात्मा गांधी ने देश के हित में अपना योगदान दिया। आजादी की लड़ाई में दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी सदैव देश की तरक्की के लिए कार्य किया। इस मौके पर रश्मि पटवाल, सुधा असवाल, रमेश चंद्र खंतवाल, वीरेंद्र सिंह रावत, केशर सिंह चौहान, प्रदीप नेगी, कृपाल सिंह नेगी, गबर सिंह रावत, राजा आर्य, अविरल पंत, अमित राज आदि मौजूद रहे।

## बीज का आलू उपलब्ध नहीं होने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : मालिनी किसान पंचायत ने किसानों को बीज का आलू उपलब्ध न करवाए जाने पर आक्रोश जताया। कहा कि उद्यान विभाग से बीस क्विंटल आलू वितरण के लिए आया था। लेकिन, विभाग ने कुछ ही काश्तकारों को आलू बीज वितरण किया। काश्तकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पंचायत के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी के नेतृत्व में कृषि उद्यान अधिकारी सतीश शर्मा से मुलाकात की। कहा कि भाबर क्षेत्र में उद्यान विभाग की तरफ से 20 क्विंटल आलू वितरण के लिए आया था। लेकिन, विभाग ने कुछ ही लोगों को आलू का वितरण कर दिया, जिससे अधिकांश किसान बीज का आलू लेने से वंचित रह गए। कहा कि विभाग के माध्यम से जो भी योजना किसानों के लिए बने, उसका प्रचार-प्रसार किया जाना जरूरी है। कहा कि किसानों को अधिकांश योजनाओं की जानकारी न होने से कुछ ही लोग इसका फायदा उठाते हैं। प्रतिनिधिमंडल में किसान पंचायत के सचिव मधुसूदन सिंह नेगी, पुरूषोतम डबराल, चंद्रपाल कंडारी, भगवती प्रसाद डबराल, राजेंद्र जोशी शामिल रहे।

# 19 सूत्रीय मांगों को लेकर ठेकेदारों ने शुरू किया धरना

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : हिमालयन संविदाकार ठेकेदार समिति ने लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड कार्यालय परिसर में धरना शुरू कर दिया है। इस दौरान ठेकेदारों ने परिसर में धरना-प्रदर्शन करते हुए गांधी जयंती के अवसर पर रामधुन भी गाई। इस मौके पर ठेकेदारों ने चेतावनी दी कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन को जारी रखा जाएगा और जल्द ही उग्र आंदोलन किया जाएगा।

बुधवार को लोनिवि परिसर में धरना देते हुए संघ के अध्यक्ष संतन सिंह नेगी, सचिव प्रदीप असवाल ने कहा कि वे पिछले कई दिनों से 19 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। बताया कि प्रदेश भर में आक्रोशित ठेकेदारों ने कार्मिक धरना एवं प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

कहा कि ठेकेदार 10 करोड़ तक के काम प्रदेश के लोगों को ही देने, निविदा में स्थाई व मूल निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता करने, 5 करोड़ तक के कार्य सिंगल बिड सिस्टम से करने, केंद्र व राज्य सरकार के बजट के 80 फीसदी तक के निर्माण कार्य प्रदेश के ठेकेदारों को देने तथा बड़े कार्यों को छोटे-छोटे कार्य में बदलने का अधिकार खंडीय कार्यालय के अधिशासी अभियंता को देने की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर उपेंद्र भट्ट, अरविंद नेगी, सुबोध नौटियाल, शोभाराम चमोली, सुनील नेगी आदि शामिल रहे।

### सुरेंद्र को अध्यक्ष तो संजय को मिली सचिव की जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : डा. शिवानंद नौटियाल एवं सुरेंद्र नौटियाल जनकल्याण सामाजिक समिति की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में समाज के प्रति असहाय परिवार के व्यक्तियों की सहायता के रूप में मदद, पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य समाज और जनहित के लिए विकास कार्य दिव्याग बच्चों की सेवा उपचार सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम, पौधरोपण करना जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र नौटियाल ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से नवनियुक्त कार्यकारिणी में सुरेंद्र नौटियाल अध्यक्ष, आशुतोष पोखरियाल उपाध्यक्ष, शैलजा देवी नौटियाल कोषाध्यक्ष, नवीन रावत सहसचिव, संजय नौटियाल सचिव, विजय सिंह व देवेश्वरी देवी को सदस्य चुना गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया।

# उक्रांद ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के साथ ही शहीद उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि राज्य निर्माण के लिए दिया गया आंदोलनकारियों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

शिब्बूनगर स्थित दल के कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूकेडी के संरक्षक डॉ. शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि उत्तराखंड राज्य को समृद्धिशाली बनाने के लिए मूल निवास-1950, भू-कानून, जनता का जल जंगल जमीन पर अधिकार और रोजगार को मौलिक अधिकार दिया जाना चाहिए। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की उपेक्षा करती है और राष्ट्रीय दिवसों पर उनको सम्मान नहीं करती। प्रमुख वक्ताओं में केंद्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज बौद्धिक प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी, महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, केन्द्रीय संगठन मंत्री हरीश द्विवेदी, गुलाब सिंह रावत, हयात सिंह गुसाईं, भारत मोहन काला, विनोद चौधरी, राजेंद्र पंत, ओम प्रकाश घनसेला, सतपाल नेगी, जसपाल सिंह चौहान, मनमोहन नेगी आदि मौजूद रहे।




आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते उक्रांद के सदस्य

# बाला जी मंदिर में वैष्णों देवी गुफा व दिव्य दरवार के होंगे दर्शन

### लोअर कालाबड़ स्थित श्री बालाजी मंदिर में नवरात्र पर की जा रही विशेष तैयारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इस बार नवरात्र पर श्रद्धालुओं को लोअर कालाबड़ स्थित श्री बालाजी मंदिर में वैष्णों देवी गुफा व दिव्य दरवार के दर्शन करने को मिलेगा। तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मंदिर को मनमोहक तरीके से सजाया जाएगा। इसके लिए बालाजी मंदिर सेवा समिति के सदस्यों को विशेष जिम्मेदारी भी दी गई है। इस संबंध में बुधवार मंदिर समिति के संयोजक दिनेश एलावादी ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रथम बार बालाजी मंदिर में मां वैष्णों दवी की गुफा बनाई जा रही है। जिन श्रद्धालुओं को मां वैष्णों देवी के दर्शनों को जाने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पाया है, वे श्रद्धालु कोटद्वार में ही माता वैष्णो देवी के दर्शन कर पाएंगें। कार्यक्रम का आयोजन शारदीय नवरात्रों में तीन अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक श्री बालाजी मंदिर में किया जाएगा। जिसको लेकर समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह आठ बजे से पूजन, दस बजे से लेकर बारह बजे तक कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। सांयकालीन आरती रोजाना सांय छह बजे शुरू होगी। कार्यक्रम के समापन से पहले 11 अक्टूबर को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा, जिसमें हापुड़ निवासी संजू पागल व बिजनौर के मनीष म्यूजिकल ग्रुप अपनी भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। इस मौके पर विनोद सिंघल, राजीव गुप्ता, पवन जैन, जानकी प्रसाद द्विवेदी मौजूद रहे।




कोटद्वार में पत्रकार वार्ता करते बालाजी मंदिर के संयोजक दिनेश एलावादी

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : बीआर मार्डन स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी और कामर्स ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 500 बच्चों ने हिस्सा लेते हुए 160 मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान प्रदर्शनी व कामर्स ट्रेड फेयर का उद्घाटन स्कूल के प्रधानाचार्य डीपी ममगांई ने किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों को विज्ञान के प्रति रूचि पैदा करने के लिए अच्छा माध्यम है जबकि कामर्स ट्रेड फेयर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यापार की जानकारी के प्रति जागरूक किया जाता है। स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने वनों को आग से बचाने, बच्चों को मोबाइल की लत से दूर करने, एकाग्र रहने की कला, पानी की स्वच्छता जांच आदि विषयों पर शानदार मॉडल प्रस्तुत किए। कामर्स ट्रेड फेयर में हस्तनिर्मित साज-सज्जा संबंधी वस्तुएं प्रस्तुत की गई।

# सीएमओ ने ब्लॉक चिकित्सा प्रभारी से मांगी रिपोर्ट

### डीएम ने किया था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान के थलीसैंण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण में मिली तमाम खामियों के बाद सीएमओ ने ब्लॉक चिकित्सा प्रभारी से रिपोर्ट तलब की है। सीएमओ डॉ. प्रवीन कुमार ने थलीसैंण के चिकित्सा प्रभारी को पत्र लिख कर उन सभी कार्मिकों की सूची देने को कहा है, जो उस दौरान ड्यूटी पर तैनात थे। साथ ही अन्य चिकित्सा प्रभारियों को हिदायत दी गई है कि इस तरह कि लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थलीसैंण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रात में डीएम ने निरीक्षण किया था। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मुख्य द्वार बंद मिला, जिसे डीएम ने खोला और अस्पताल में कोई भी कर्मचारी और चौकीदार नहीं मिला था। निरीक्षण के दौरान सभी वार्ड और चिकित्साधिकारी के कक्ष बंद थे। वार्ड में उपयोग किए गए सिरिंज आदि वेस्ट सामग्री डस्टबिन में बेतरतीब ढंग से फेंकी थी। अस्पताल में लेखन सामग्री, रजिस्टर आदि कीमती सामान बाहर ही छोड़ा हुआ था। 108 वाहन अस्पताल गेट के पास खड़ा तो था, कोई भी कर्मचारी व वाहन चालक उपस्थित नहीं पाया गया। डीएम ने इसे बड़ी लापरवाही बताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए थे कि रात्रिकाल में जिन चिकित्सकों व कर्मियों की ड्यूटी में लापरवाही बरती गई है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाना सुनिश्चित की जाए।

# टीएचआर का मोबाइल ऐप से वितरण पर कांग्रेस करेगी विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में टीएचआर वितरण को मोबाइल ऐप से संचालित करने पर महिला कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। महिला कांग्रेस की जिलायध्यक्ष ने मोबाइल ऐप के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों को टीएचआर वितरण पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष नीलम रावत ने पौड़ी बस अड्डे के समीप पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि इससे स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाले रोजगार पर इसका सीधा असर पड़ने वाला है। कहा कि पहले आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्वयं सहायता समूहों के जरिए टीएचआर उपलब्ध करवाया जाता था लेकिन अब प्रदेश सरकार एनसीसी मोबाइल ऐप के जरिए टीएचआर वितरण का काम करवाने जा रही है। जिससे महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ेगा। बताया कि पहले भी एनसीसी मोबाइल ऐप का विरोध हो चुका है। इस मौके पर चांदनी रस्तोगी, अंजू, शारदा, मोहनी बहुगुणा, कविता सजवाण आदि शामिल रहे।

### नवरात्रि को लेकर सजे मंदिर, तैयारियां पूरी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गुरुवार से शुरू होने वाले नवरात्रि को लेकर शहर के विभिन्न मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गईं। शहर के खांड्यूसैंण स्थित वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं जुटाई गई हैं। वहीं, भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में भी तैयारियां की गई हैं। नवरात्रि पर भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शतचंडी यज्ञ, संगीतमय सुंदर कांड, भजन प्रतियोगिता, संस्कृत विद्यालय व अन्य विद्यालयों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय सभा के अध्यक्ष नवीन जुयाल ने बताया कि गुरुवार से आयोजित होने वाले नवरात्रि महोत्सव में भुवनेश्वरी उपासक मण्डल के संयोजकत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# न्यायालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

इस दौरान अमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

सिम्मलचौड़ स्थित न्यायालय परिसर में जिला जज रीना नेगी, परिवारिक न्यायाधिश विवेक कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजि. मनोज कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार पंत ने कहा कि देश को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर कुंवर सिंह आर्य, जितेंद्र रावत, प्रवेश रावत, हिम्मत सिंह, अविरल पंत, धर्मेंद्र सिंह, राम सिंह, राघव सिंह, विपिन जोशी, अल्का आदि मौजूद रहे।



# हाफ मैराथन में कुलदीप, चंद्रा, सागर और सोनल रहे अव्वल

### गांधी जयंती पर सतपुली में आयोजित हुई हाफ मैराथन

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : होली के हुल्यार टीम और व्यापार मंडल, सतपुली के संयुक्त तथावधान में गांधी जयंती के मौके पर आयोजित सद्भावना हाफ मैराथन में कुलदीप नेगी, चंद्रा देवी, सागर और सोनल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हाफ मैराथन को कुंती दयाल फाउंडेशन के दिगमोहन नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाफ मैराथन के पुरुष वर्ग में पौड़ी के कुलदीप नेगी ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि सागर सिंह ने दूसरा और मंजीत सिंह व सागर रावत संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 48 वर्षीय चंद्रा देवी, वृंदा और नेहा गुसाईं क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में सागर डोबरियाल, मयंक और नमन डोबरियाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग में सोनल गुसाईं पहले, कविता दूसरे और मनीषा कुकरेती तीसरे स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा ट्राफी, प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं 31, 21 व 11 सौ रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। टॉप-3 के बाद आने वाले 15-15 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में टी-शर्ट एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल दिए गए। इस मौके पर डीसीबी के पूर्व डायरेक्टर नरेंद्र सिंह नेगी, उमेद सिंह रावत, गंगा सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह नेगी, व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, सुरजन रौतेला, मनीष खुगशाल, डबल मियां, सत्यनारायण वेदी आदि मौजूद थे।



हॉफ मैराथन के विजेता के पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि।

## डीएम ने बेहतर कार्य करने वाले चार ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आयुक्त गढ़वाल मंडल कार्यालय परिसर पौड़ी गढ़वाल में अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। डीएम ने स्वच्छता अभियान में बेहतर कार्य करने पर 4 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया।इस दौरान गांधी जी का प्रिय भजन रामधुन गाया गया। अपर आयुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को अहिंसा परमो धर्मा का संदेश दिया। डीएम डा. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद विकास भवन सभागार में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। पंचायती राज विभाग पौड़ी द्वारा स्वच्छता अभियान में बेहतर कार्य करने पर खिर्सू ब्लाक के गोदा गांव की सुमन गोदियाल, पौड़ी की वजली गांव की सीमा देवी, दुगड्डा के भेल्ड़ा गांव की निजूम अंजुम व पोखड़ा ब्लाक के सिलेथ गांव के राजपाल सिंह को प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, जिला न्यायालय परिसर में जिला जज अजय चौधरी ने राष्ट्रध्वज फहराते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर सीजेएम लक्ष्मण सिंह, नेहा कयूम, अकरम अली आदि शामिल रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com